और उनमें से कुछ कर्मचारियों को स्थानान्तरित कर दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो जुलाई, 1991 और अप्रैल 1992 के बीच कितने लोगों का स्थानांतरण किया गया और उनके विरुद्ध क्या आरोप थे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) पुलिस अधीक्षक/रा०रे०पु०/मुरादाबाद ने सूचित किया था कि हरिद्वार का कि रेल कर्मचारी कुछ स्थानीय व्यक्तियों से मिलकर रेल अधिकारियों को धमकी दे रहा था जिससे रेलवे मे कार्यसंचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था । संबंधित कर्मचारी को प्रशासनिक हित में हरिद्वार से स्थानांतरित कर दिया गया था ।

खतरों के प्रति सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा कार्य निधि

2213. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात को "रेलवे सुरक्षा कार्य निधि" (रेलवेज फंड फॉर सिक्योरिटी अगेंस्ट हजार्ड स) से कितनी धनराशि दी गई थी ;

(ख) अब तक कितनी धनराशि खर्च कर दी गई है ; और

(ग) इस निधि से कौन-कौन सी योजनाएं शुरु की गई हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात राज्य सरकार की प्रतिभूति के लिए इस निधि में 64 लाख रुपये की राशि जमा की गई थी । उक्त अवधि के दौरान वास्तव में किसी राशि की प्रतिभूति नहीं ली गई थी ।

(ग) यह राज्य सरकार से संबंधित मामला है ।

Transporting consumer items by Zonal Railways

2214. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the details of the steps taken by all Zonal Railways especially Central and South Eastern Railways to transport all consumer items and essential commodities for P.D.S. to meet the situation arising out of strike by All India Transporters Association during 1st week of July, 1992 ; and

(b) what are the achievements thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) A close watch was kept on the movement of essential commodities. Zonal Railways monitored the loading unloading of these commodities at terminals. Extra parcel vans were provided wherever necessary for perishable commodities like vegetables, fruits, fish etc. As a result of these steps transportation of essential commodities by rail was maintained at fairly satisfactory level.

Kalva turbhe railway line in Maharashtra

2215. DR. SHRIKANT RA CHANDRA JICHKAR : Will th Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) by when Government are likely to take over the Kalva-Turbhe Railway line in Maharashtra constructed by the CIDCO.

(b) by when the goods traffic is likely to be commissioned on this railway line; and

(c) by when this line would be made fit for commuter traffic from Thane to Turbhe ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) As soon as the terms and conditions for taking over the private siding by Railway are accepted by CIDCO/Maharashtra Government and agreement signed.

(c) There is no plan at present.

गुजरात में पुरानी रेल लाइनें

2216. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में कुछ रेल लाइनें बहुत पुरानी हैं और उनकी हालत जर्जर है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या ऐसी लाइनों के बदलने की कोई योजना है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) लाइनों पर रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की हालत के आधार पर और यातायात की आवश्यकताओं के अनुसार समय-समय पर नवीकरण किया जाता है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

Introduction of new regular train between Hyderabad and Waltair

2217. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to introduce a regular train between Hyderabad and Waltair via Nadikuda and Guntur ; and

(b) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTR OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) A bi-weekly express train has been introduced between Secunderabad and Visakhapatnam via Nadikuda and Guntur w.e.f. 24-7-92.

देश में रेलवे स्टेशनों पर पुस्तक स्टाल

2218. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में रेलवे स्टेशनों पर कुल कितने पुस्तक स्टाल हैं ; और

(ख) कितने स्टाल अलग से दलितों और अपंग व्यक्तियों को आबंटित किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन : (क) 999 ।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

रेल स्टेशनों पर फल विक्रेताओं के स्टाल

2219. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में रेलवे स्टेशनों पर फल-विक्रेताओं के कितने स्टाल हैं ; और

(ख) इनमें से कितने स्टाल दलितों और अपंग व्यक्तियों को आबंटित किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।